रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2219] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 2, 2012/कार्तिक 11, 1934

No. 2219] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 2, 2012/KARTIKA 11, 1934

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 नवम्बर, 2012

**का.आ. 2671(अ).**— केन्द्रीय सरकार ने, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1988(1988 का 68) की धारा 11 के अधीन जारी की गई भारत सरकार के तत्कालीन भूतल परिवहन मंत्रालय ( सड़क खंड ) की अधिसूचना संख्या का.आ. 78 (अ), तारीख 4 फरवरी 1999 द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 2 के 516.000 कि.मी. से 670.000 कि.मी. तक ( पानागढ़ से कोलकता सेक्शन ) का खण्ड भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (जिसे इसमें इसके पश्चात् "प्राधिकरण" कहा गया है ) को सौंपा है ;

और, केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग खंड और स्थायी पुल के उपयोग के लिए फीस - लोक वित्तपोषित परियोजना) नियम, 1997 के नियम 3, नियम 5 और नियम 11 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग (फीस की दर) नियम, 1997 के नियम 3 के उपनियम (2) के साथ पठित राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 7 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के तत्कालीन पोत परिवहन , सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ( सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग ) की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 854 (अ) तारीख 16 जून 2005 के द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 2 पर 587.853 कि.मी. से 651.602 कि.मी. ( जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त खंड कहा गया है ) पलसित से दनकुनी सेक्शन के चार लेन के भूखंड के उपयोग हेतु अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को संगृहीत और प्रतिधरित करने के लिए प्राधिकृत किया था।

